# रामझरना एवं गेरवानी का लक्ष्मण पादुका स्थान, राम वन गमन पथ के लिए शासन के प्रस्ताव में पहले से ही शामिल - मंत्री उमेश पटेल






**न्याय साक्षी/रायगढ़।** उच्च शिक्षा, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल ने आज खरसिया विकासखण्ड के कांटाहरदी में आंगनबाड़ी भवन एवं शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ भगवान राम की माता कौशल्या की जन्मभूमि रही है। प्राचीनकाल में यह दक्षिण कोशल के नाम से जाना जाता था। उन्होंने कहा कि शासन ने यह निर्णय लिया है कि भगवान राम अपने 14 वर्ष के वनवास के दौरान जिन रास्तों से गुजरे थे, उन महत्वपूर्ण स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विस्तारित एवं विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रायगढ़ जिले का रामझरना एवं गेरवानी का लक्ष्मण पादुका स्थान राम वन गमन पथ के लिए शासन के प्रस्ताव में पहले से ही शामिल है।

उच्च शिक्षा मंत्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यह स्पष्ट कह दिया है कि शासन की प्रतिबद्धता है कि 2500 रुपये समर्थन मूल्य में धान खरीदी की जाएगी। राशन नवीनीकरण के बाद कार्डधारियों को 35 किलो चावल मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिनके नाम छूट गए है, उनका नाम राशन कार्ड में जुड़ सकता है। उन्होंने आंगनबाड़ी एवं शेड निर्माण की मांग पूरी होने पर ग्रामवासियों को बधाई दी। उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने ग्राम बालमगोड़ा में उचित मूल्य दुकान सह गोदाम, सीसी रोड का भी लोकार्पण किया। उच्च शिक्षा मंत्री पटेल का ग्रामवासियों ने लोक नृत्य करते हुए आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष निराकार पटेल, ग्राम कांटाहरदी के सरपंच श्रीमती आशा यादव एवं उप सरपंच राधेलाल सिदार उपस्थित थे।

# मोर घर हर इतवार, हो ही डेंगू पर वार- अभियान का विधायक प्रकाश नायक ने किया शुभारंभ





### » डेंगू के दवाई काबर खाबो, स्वच्छता रइही तो काबर बीमार पड़बो

### » गली कूचे में डाली गयी टेमीफॉस कि दवाई

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** विधायक प्रकाश नायक ने आज जिला प्रशासन द्वारा आयोजित मोर घर हर इतवार, हो ही डेंगू पर वार अभियान का शुभारंभ किया। विधायक नायक ने कहा कि डेंगू की रोकथाम के लिए यह जरूरी है कि नागरिक सतर्क एवं जागरूक रहें। इस अवसर पर सघन बस्ती में उन्होंने घर-घर में घूमकर गली कूचे में नालियों में टेमीफॉस दवाई का छिड़काव किया।

गौरतलब है कि बापू नगर डेंगू के संभावित प्रभावित छेत्रों में से एक है। इस मौके पर लोकरंग नाच के कलाकारों ने संगवारी तेहा मच्छर ला काबर सकेले, बेरा आगे टेमीफॉस दवाई डाल ऐला छोड़े पारा मोहल्ला के लोगों डेंगू के दवाई काबर खाबो, स्वच्छता रइही तो काबर बीमार पड़बो जैसे गीत गाकर डेंगू से बचाव के लिये संदेश दिया। उडिया़ में भी लोगों को समझाया गया कि डेंगू से बीमार पडने़ के पहले ही स्वच्छता को अपना लें। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करने वाली महिलाओं ने टेमीफॉस का वितरण किया। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर संबित मिश्रा, उपायुक्त पंकज मित्तल, संयोजक छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक मंच एवं समाज सेवी महावीर अग्रवाल तथा नगर निगम की टीम मौजूद थी।

# मुख्यमंत्री से कृषि मंत्री ने की सौजन्य मुलाकात

### » स्टेट ऑफ द स्टेट कॉनक्लेव में मिले पुरस्कार की ट्राफी सौंपी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहां उनके निवास कार्यालय में कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने नई दिल्ली में आयोजित स्टेट ऑफ द स्टेट कॉनक्लेव 2019 में छत्तीसगढ को 'सर्वोत्तम समावेशी विकास के क्षेत्र में उत्कृष्टतम प्रदर्शन' के लिए दिए गये पुरस्कार की ट्राफी मुख्यमंत्री बघेल को सौंपी। कृषि मंत्री चौबे ने छत्तीसगढ़ की ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया था।

मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि के लिए कृषि मंत्री सहित प्रदेशवासियों, अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे राज्य में 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' के नारे के साथ नया आर्थिक मॉडल अपनाया गया है। ऐसी अर्थव्यवस्था अपनाई गयी है, जिसके केंद्र में गांव हैं। आज जब पूरे देश में मंदी छाई हुई है, छत्तीसगढ़ के बाजार में रौनक है। राज्य सरकार द्वारा किसानों की कर्ज माफी, 2500 रुपए प्रति क्विंटल पर धान खरीदी सहित समाज के सभी वर्ग की उन्नति के लिए योजनाएं और कार्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं। राज्य के सामाजिक और सांस्कृतिक विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत अधोसंरचनाओं को मजबूत करने के लिए चौतरफा कदम उठाए जा रहे हैं।

इस अवसर पर विधायक सर्वश्री देवव्रत सिंह, शिशुपाल सोरी और खेलसाय सिंह भी उपस्थित थे।

# नाच-गाकर व नुक्कड़ नाटक कर किया डेंगू के प्रति जागरूक

### » गौशाला पारा में प्रभातफेरी निकालकर घर-घर दी दस्तक

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार की पहल पर छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक मंच व लोक रंग नाचा के सदस्यों ने हर इतवार, डेंगू पर वार अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए रविवार को सुबह प्रभातफेरी निकाली और गीत-संगीत के साथ लोगों को डेंगू बीमारी के प्रति जागरूकत किया। इस दौरान कई स्थानों पर नुक्कड़ नाटक खेला गया, जिसमें बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित रहे। मंच की इस अनोखी पहल की सभी ने सराहना की और डेंगू को शहर से मुक्त करने का संकल्प लिया।



छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक मंच के संयोजक महावीर अग्रवाल ने बताया कि कलेक्टर यशवंत कुमार ने सराहनीय पहल करते हुए डेंगू बीमारी से शहर को मुक्त करने वृहद अभियान छेड़ा है। उन्होंने शुक्रवार को सभी संगठनों की बैठक लेकर डेंगू बीमारी की रोकथाम में सहयोग की अपील की। उनके आह्वान पर छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक मंच व लोक रंग नाचा ने रविवार को गौशालापारा में अभियान चलाया। इसके तहत रविवार को सुबह 6 बजे प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी गौशाला चौक से प्रारंभ होकर मोहल्ले के गली-कूचे से होते हुए रामलीला मैदान पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान अनेक स्थानों पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया।

# नक्सलियों ने एनएमडीसी के 9 वाहनों को किया आज के हवाले

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में आज सुबह नक्सलियों ने एनएमडीसी किरंदुल में निमार्णाधीन स्क्रीनिंग प्लाट में मिट्टी उत्खनन में लगी 9 वाहनों को आग की लपटों में झोंक दिया। आगजनी में शामिल वाहन हैदराबाद की निजी कंपनी सूर्योदय इन्फ्रा की बतायी गयी हैं। जलाई गयी गाडियों में 6 एएम्डब्लू की हाईवा, एक पोकलेन और दो डोजर शामिल हैं। जलाई गयी गाडियों की कीमत 5 करोड़ से भी ज्यादा की बताई जा रही है। सूर्योदय इन्फ्रा नामक उक्त कम्पनी विगत एक वर्ष से पहाड़ में मिट्टी काटने का कार्य कर रही थी। पहाड़ को नीचे से काटते हुए वर्तमान में कार्य पहाड़ की चोटी पर चल रहा था और 15 से भी ज्यादा गाडियाँ इस कार्य में लगी थीं। प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर सा? बारह बजे ग्रामीण वेश भूषा में धारदार हथियारों से लेस 50 की तादाद में पहुंचे नक्सलियों ने पहले काम बंद करवा कर मजदूरों को बंधक बना कर मोबाइल फोन जब्त किया और अपने साथ लाये धारदार हथियारों से गाडियों की टंकी फोडक़र डीजल से आग लगा दी। बताया जा रहा है की नक्सलियों ने मात्र 15 मिनट के अंदर ही सभी गाडियों को आग के हवाले कर, पास की जंगल की आड़ लेकर भाग खड़े हुए।



बंधक बनाये गए मजदूरों ने बताया की नक्सलियों के साथ ग्रामीण वेशभूषा में महिला नक्सली भी शामिल थीं, जो आगजनी के काम को अंजाम देने में जुटी थी। घटना के बाद सीआईएस की दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया।

एनएम्डीसी किरंदुल प्लांट के विस्तार के लिए लगभग 350 करोड़ की लागत से स्क्रीनिग प्लांट तीन की स्थापना की जा रही है। वर्तमान में एन एम् डी सी में दो स्क्रीनिंग प्लांट कार्यरत हैं, लेकिन इन प्लांटों में बोझ अत्यधिक होने की वजह से एक और प्लांट का निर्माण किया जा रहा था। बताया जा रहा है की तीन वर्षो में प्लांट के कार्य को पूर्ण करने का लक्ष्य प्रबंधन को प्राप्त हुआ है।

# प्रदेश सरकार अपने वायदे के अनुरूप 2500 रूपए प्रति क्विंटल के मान से खरीदेगी धानः भूपेश बघेल

### » मुख्यमंत्री मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के 74वें अधिवेशन में हुए शामिल

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि मनवा कुर्मी समाज प्रदेश के अन्य समाज की भांति कृषि पर निर्भर है। यदि समाज को आगे बढ़ाना है तो, शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति विशेष रूप से ध्यान देना होगा। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है। मुख्यमंत्री आज बेमेतरा जिले के बेरला ब्लाक के निकटवर्ती ग्राम बहेरा लिमाही चौक में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के धमधा राज के 74वें वार्षिक अधिवेशन को संबोधित करते हुए इस आशय के विचार व्यक्त किये। मुख्यमंत्री ने स्वामी आत्मानंद की प्रतिमा का अनावरण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य शुरू हो जाएगा। 2500 रूपए प्रति क्विंटल पर खरीदी होगी। किसानों के मन में किसी बात का संशय नही होना चाहिए, कि पूरा दाम मिलेगा या नहीं। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि केन्द्र को चिट्ठी लिखे है कि 2500 प्रति क्विंटल में धान खरीदी हो केन्द्र का कहना है कि यदि छ.ग. में किसानों से 2500 रूपए प्रति क्विंटल के मान से धान खरीदोगे तो प्रदेश का चावल नहीं लेंगे। यदि केन्द्र चावल नहीं खरीदेगा तो चावल खराब होने की आशंका है। अन्न का अपमान बर्दाश्त नहीं होगा। आधा चावल पीडीएस दुकान को जाता है आधा चावल केन्द्रीय पुल में। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का अपराध यही है कि किसानों का धान 2500 रूपए प्रति क्विंटल की मान से खरीद रही है। हर हाल में किसानों के खाते में 2500 रूपए पहुंचेगा। बघेल ने कहा कि मै एक किसान का बेटा हूं, किसानों का दर्द समझता हूं।

### मुख्यमंत्री ने की पैरा दान करने की अपील

अधिवेशन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने लोगों से गौठान हेतु पैरा दान करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि खेत में पैरा को जलाने से धरती की उर्वरा शक्ति कम हो जाती है। धान के अपशिष्ट से हम वर्मी कम्पोस्ट एवं खाद बना सकते है। इससे फसल का उत्पादन बढ़ेगा। उन्होंने गौठान योजना के संबंध में कहा कि यह योजना सरकार के साथ-साथ इसमें गांव वालों की भी सहभागिता है। प्रदेश सरकार प्रत्येक गौठान समितियों को प्रति माह 10-10 हजार रूपए प्रदान करेगी।



गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि कोई भी व्यक्ति बड़े से बड़े पद पर पहुंच जाए तो हमें अपने संस्कार नहीं भूलना चाहिए। आज बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देने की बहुत ही जरूरत है। बड़ो का आदर सम्मान करना हमारी प्राचीन संस्कृति एवं परम्परा है। गृहमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के तीज-त्यौहार पर अवकाश घोषित कर छत्तीसगढ़ की संस्कृति को जीवित एवं संरक्षित रखने का प्रयास किया है। राज्य सरकार द्वारा डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा द्वारा रचित अरपा पैरी के धार महा नदी हे अपार..... को राजगीत घोषित किया है। गृहमंत्री ने सामाजिक अधिवेशन के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी।

विधायक छाबड़ा ने कहा कि मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का आज 74 वां अधिवेशन है। यह हम सबके लिए गौरव का भी विषय है। जिसमें मुख्यमंत्री स्वयं उपस्थित हुए है। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ी तीज-त्यौहार की परम्परा को कायम रखने अवकाश घोषित किया है। विधायक ने कहा कि ममतामयी बिंदेश्वरी देवी के नाम पर बेरला में भवन बनाया जाएगा।

# रेस्टोरेंट में मारपीट व लूट के मामलें में फरार दो आरोपी गिरफ्तार

### » मुख्य आरोपी अब भी फरार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के सिविल लाइन स्थित एक कैफे में बैंक कर्मी से मारपीट और लूट करने के मामले में फरार आरोपियों में से पुलिस ने दो को गिरफ्तार कर लिया है वहीं मुख्य आरोपी को अभी फरार है।

ज्ञात हो कि कुछ दिनों पूर्व सिविल लाइन स्थित स्काई कैफे रेस्टोरेंट में सामाजिक कार्यकर्ता ममता शर्मा के पुत्र हर्पवर्धन शर्मा ने अपने दो दोस्तों सौरभ सबलानी तथा हिमांशु खटवानी के साथ मिलकर एक बैंक कर्मी कविश पांडे के साथ मारपीट की थी तथा उसके पैसे लूट लिये थे। तीनों ने कविश से शराब पीने के लिए पैसे की मांग की थी तथा नही देने पर मारपीट की थी तथा उसके पर्स से पैसे निकाल लिये थे। इस घटना की वीडियो फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था किंतु तीन फरार थे जिसके चलते उकी गिरफ़तारी नही हो पाई थी। पुलिस ने रविवार को आरोपी सौरभ और हिमांशु को गिरफ्तार किया है। वहीं वारदात के मुख्य आरोपी हर्षवर्धन शर्मा अभी फरार है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अवैध बिक्री के लिये घर पर छुपा कर रखी शराब जप्त

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना सारंगढ़ में कार्यरत प्रधान आरक्षक मोतीलाल डनसेना एवं हमराह स्टाफ द्वारा दिनांक 24.11.19 को मुखबिर सूचना पर ग्राम छोटे कोसीर के गोरेलाल साहू पिता परमानंद साहू उम्र 55 साल के घर शराब रेड के लिये दबिश दिया गया। आरोपी के घर आंगन पर अवैध बिक्री के लिये दो प्लास्टिक जरकीन में रखा हुआ 10 लिटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना सारंगढ़ में धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई है।

### कार्य में लापरवाही बरतने वाले दो पटवारी निलंबित

**बलरामपुर (आरएनएस)।** शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने पर दो पटवारियों को निलंबित कर दिया गया है। वाड्रफ्नगर के दो पटवारी भोला राम हल्का न. 06 और मोहन राम हल्का न. 29 के पटवारी को अनुविभागीय अधिकारी बालेश्वर राम ने निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार इन दोनों पटवारियों को अतरिक्त प्रभार में धान खरीदी वर्ष 2019 -20 में किसानों का रकबा सत्यापन पूर्ण कर समिति प्रबंधक को किसानों की सूची उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया था, जो अब तक सत्यापन कार्य पूर्ण कर समिति प्रबंधक को नहीं दिया गया। इसके अलावा बिना सूचना के मुख्यालय से बाहर रहने के कारण अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण छग सिविल सेवा नियम 1966 के नियम (1) (2) (3) के विपरीत होने के कारण निलंबन की कार्रवाई की गई है।

## डायल 112 इवेंट...

न्याय साक्षी/रायगढ़

### मोटरसाइकिल से गिरकर दो युवक हुए घायल



सरिया राइनो को सुबह 10:22 बजे परसरामपुर पर रोड एक्सीडेंट का इवेंट प्राप्त हुआ। घटनास्थल परसरामपुर पर मोटरसाइकिल में पड़ीगांव से सरिया जा रहे जगदीश मेहर पिता जंगल मेहर उम्र 30 साल निवासी पड़ीगांव तथा गोदामणी मेहर पिता परसराम उम्र 35 साल निवासी पडीगांव मोटरसाइकिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें आरक्षक पोषेन्द्र द्वारा ईआरवी वाहन से सीएचसी पुसौर ले जाकर भर्ती कराया गया है।

### छत से गिरकर घायल बालक को पहुचायां अस्पताल

घरघोड़ा राइनो को दिनांक 23.11.19 के सुबह छत से गिर जाने पर एक 15 साल के बालक के लिए मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट प्राप्त हुआ। जानकारी के अनुसार घरघोड़ा राइनो को सुबह करीब 11:00 बजे कसईडीपा घरघोड़ा में रहने वाला 15 वर्षीय बालक ताम्रध्वज महंत पिता कृत नारायण महंत अपने घर के बाथरूम के छत पर लकड़ी सुखाने के लिए चढ़ा था, अचानक पैर फिसल जाने से गिरकर बालक को गंभीर चोटें आई थी । आहत को इलाज के लिए घरघोड़ा राइनो के श्वत्रक्ष्ङ्क वाहन में आरक्षक उमाशंकर भगत द्वारा सीएचसी घरघोड़ा में ले जाकर भर्ती कराया गया है।

### बाईक चालक खड़ी ट्रैक्टर से टकराकर हुआ घायल

मोटरसाइकिल चालक दिनांक 24.11.2019 की सुबह खड़ी ट्रैक्टर में ठोकर मारने से घायल हो गया था जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचने बरमकेला राइनो को सुबह करीब 8:16 बजे रोड एक्सीडेंट का इवेंट प्राप्त हुआ, घटनास्थल गोबरसिंघा पर मोटरसाइकिल का चालक सोनसाय सिदार पिता घुराव लाल सिदार उम्र 59 वर्ष निवासी डभरा थाना बरमकेला को चोटे आई थी। आरक्षक मनोज निराला थाना बरमकेला द्वारा आहत को सीएचसी बरमकेला में भर्ती कराया गया है।

### धरमजयगढ़ राईनो ने पीड़ितों को पहुंचाया अस्पताल

धरमजयगढ़ राइनो को दोपहर 14:11 बजे रोड एक्सीडेंट के इवेंट पर खडगांव के लिए रवाना किया गया जहां मोटरसाइकिल से गिरकर धनीराम पटेल पिता टीकाराम पटेल उम्र 55 साल निवासी नवागांव सिपत बिलासपुर एवं शांति बाई पटेल पिता नंदलाल उम्र 50 साल निवासी सहपुर धरमजयगढ़ को चोटें आई थी। आहतों को आरक्षक दिलीप लकड़ा द्वारा सीएचसी धर्मजयगढ़ में भर्ती कराया गया है।